दिन– शुक्रवार दिनांक– 28/03/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। संपादक– कृष्ण कुमार लाल
अवधिः– 15 मिनट टंकक– कुमार अभिषेक

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **अशुं अवस्थी** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंनशनभोगियों के महंगाई भत्ते में जुलाई महीने से दो प्रतिशत की बढ़ोतरी।

02. केंद्र सरकार ने कोसी–मेची लिंक परियोजना को दी मंजूरी। अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों के दो लाख दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को मिलेगी सिंचाई की सुविधा।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर कल पटना आ रहे हैं। श्री शाह रविवार को गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, प्रदेश के अधिकांश इलाके गर्मी की चपेट में। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंनशनभोगियों के महंगाई भत्ते में जुलाई महीने से दो प्रतिशत महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी की गयी है। इस आशय का फैसला आज हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह इस साल की पहली जनवरी से लागू होगा।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने इस वर्ष के खरीफ सीजन में किसानों को किफायती दरों पर फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरक उपलब्ध कराने की भी मंजूरी दी है।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने बिहार की कोसी मेची अंतर–राज्यीय लिंक परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना– त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से बिहार के अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों में खरीफ सीजन में दो लाख दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार ने बिहार में एक सौ बीस किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले चार लेन के ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड पटना–आरा–सासाराम गलियारे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना को तीन हजार सात सौ बारह करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अड़तालीस लाख दिन के रोजगार के अवसर पैदा करेगी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर कल पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे पटना में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री पटना पहुंचने के तुरंत बाद प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। भाजपा कोर कमिटी की बैठक में गृह मंत्री बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी नेताओं के साथ गहन विचार–विमर्श कर रणनिति तैयार करेंगे। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि चुनाव को देखते हुए गृह मंत्री का दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इधर, सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि रविवार तीस मार्च को पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्री शाह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दरभंगा में नवनिर्मित मखाना प्रसंस्करण केन्द्र का उद्‌घाटन करेंगे। वे राज्य सहकारी बैंकों के माईक्रो एटीएम का वितरण करेंगे। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री राज्य के दो पैक्स में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण कार्य की आधारशिला भी रखेंगे।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि चारा घोटाले के नौ सौ पचास करोड़ रूपये की वापसी के लिए सरकार अदालत जायेगी। साथ ही सीबीआई और आयकर विभाग से भी बात की जायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि पटना हाई कोर्ट में चारा घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपते समय घोटाले की राशि सरकार के खजाने में वापस लौटाने की भी जिम्मेदारी दी गयी थी। न्यायालय ने घोटालेबाजों की सम्पत्ति बेच कर इसे सरकारी कोष में जमा करने का निर्देश दिया था। श्री चौधरी ने कहा कि पटना हाई कोर्ट के निर्देश के अनुरूप सरकार घोटाले की रकम की वापसी के लिए हर सम्भव कदम उठायेगी।

---बाइट---

---

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि चारा घोटाले के नाम पर करोड़ों रूपये की जो लूट हुई है, उसे वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

---बाइट---

---

आगामी त्योहारों ईद, रामनवमी और चैती छठ को देखते हुए बिहार पुलिस ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों के पुलिस अधीक्षकों को कड़ी नजर रखने का निर्देश दिया है। संवेदनशील इलाकें में विशेष चौकसी बरतने को कहा है। इस बीच, अपर पुलिस महानिदेशक, लॉ एंड ऑर्डर पंकज दराद ने बताया कि सभी जिलों में पर्याप्त सुरक्षा बलों की तैनाती की की गयी है।

---बाइट---

श्री दराद ने बताया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूसों की पुलिस सुरक्षा में निगरानी के साथ-साथ वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी, ताकि उपद्रवियों की पहचान की जा सके।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार, तीस मार्च को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बीसवीं कड़ी होगी। लोग कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल–फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य– एक एक– सात आठ शून्य शून्य पर भेज सकते हैं। अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी साझा कर सकते हैं। सुझाव आज तक स्वीकार किए जाएंगे।

---

पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी की सत्तरवीं प्रारंभिक परीक्षा रद् करने वाली सभी याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद अब यह परीक्षा दोबारा नहीं होगी। न्यायालय ने कहा है कि तेरह दिसम्बर को हुयी प्रारंभिक परीक्षा में गड़बड़ी के कोई सबूत नहीं मिले। हालांकि कोर्ट ने आयोग को परीक्षा की प्रक्रिया में कमजोरियों को दूर करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का सुझाव दिया है। डिजिटल वॉटर मार्किंग और ट्रैकिंग की उच्च तकनीक को अपनाए जाने की सलाह दी है। इसके अलावा न्यायालय ने कहा है कि बीपीएससी को स्थाई रूप से विशेषज्ञों की एक उच्च स्तरीय कमिटी गठित करने को भी कहा है, जो परीक्षा के सुरक्षा उपायों और उससे जुड़े प्रबंधन उपायों की समीक्षा सुनिश्चित करेगी।

---

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कई स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अगले दो से तीन दिनों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

———बाइट———

चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मधुबनी, रोहतास, गया और शेखपुरा का तापमान उनचालीस डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया।

---

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी अस्पतालों में गर्मी और लू के मरीजों के इलाज के लिए दिशा–निर्देश जारी किया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि लू से

प्रभावित मरीजों के लिए सभी अस्पतालों मे पांच–पांच बेड आरक्षित रखे गये हैं। अस्पतालों में ओआरएस कॉर्नर बनाया गया है। लू मरीजों के लिए अस्पतालों में रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है।

---

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने अररिया जिले के रानीगंज के अंचलाधिकारी प्रियव्रत कुमार को निलंबित कर दिया है। अंचलाधिकारी के खिलाफ दाखिल–खारिज में अनियमितता की शिकायत मिलने और रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के दौरान यह कार्रवाई की गयी है। इधर, खगड़िया के जिलाधिकारी अमित कुमार पांडे ने सदर अंचल अंतर्गत सन्हौली मौजा के राजस्व कर्मचारी कमलेश प्रसाद सिंह को फर्जी जमाबंदी कायम करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहटकर ने आज बिहार दौरे के अंतिम दिन छपरा में जन सुनवाई की। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ हिंसा, पारिवारिक विवाद सहित कई मामलों को सुना और उसका निष्पादन किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि श्रीमती रहटकर ने छपरा मंडल कारा का भी दौरा किया और वहां महिला बंदियों की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

---

पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनाव के लिए कल वोट डाले जायेंगे। केंद्रीय पैनल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए उन्नीस हजार से अधिक छात्र वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और कांग्रेस समर्थित एनएस यूआई के बीच माना जा रहा है। मतदान समाप्त होने के बाद कल शाम ही वोटों की गिनती की जाएगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंनशनभोगियों के महंगाई भत्ते में जुलाई महीने से दो प्रतिशत की बढ़ोतरी।

02. केंद्र सरकार ने कोसी–मेची लिंक परियोजना को दी मंजूरी। अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार जिलों के दो लाख दस हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि को मिलेगी सिंचाई की सुविधा।

03. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार के दो दिवसीय दौरे पर कल पटना आ रहे हैं। श्री शाह रविवार को गोपालगंज के नये पुलिस लाइन मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

04. और, प्रदेश के अधिकांश इलाके गर्मी की चपेट में। चालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।